प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में 19 प्रस्ताव हुए पारित : बलिया में मेडिकल कॉलेज और आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण को मिली मंजूरी।
2. मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र में विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– अगले दो वर्षों में प्रदेश से गरीबी समाप्त करना सरकार का लक्ष्य।
3. लखनऊ समेत कई जिलों में जमीनों के सर्किल रेट का जल्द होगा पुनरीक्षण : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक में कार्रवाई तेज करने का दिया निर्देश।

और

4. रंगभरी एकादशी पर आज मथुरा, वाराणसी और अयोध्या मं दिखा खास उत्साह, भगवान को चढ़ाया गया गुलाल : वृंदावन और अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा में शामिल हुए भक्त।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के

नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण और आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम और द्वितीय कॉरीडोर के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 2 हजार 425 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य से गेहूं की खरीद करने को भी मंजूरी दी गई है। बाइट.....

*गेहूं का समर्थन मूल्य घोषित कर दिया गया है। भारत सरकार द्वारा घोषित गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य चौबीस सौ पच्चीस रुपए कुन्तल की दर से गेहूं खरीद की जाएगी। सत्रह तीन पच्चीस से पंद्रह छह पच्चीस तक इनकी खरीद होगी गेहूं की लगभग पैंसठ सौ क्रय केंद्र स्थापित किए जाएँगे। पच्चीस छब्बीस का ये समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।*

मंत्रिपरिषद ने 10 हजार से 25 हजार मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का भी निर्णय लिया है। अब इनके स्थान पर ई–स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा। बाइट.....

*ये स्टाम्प को बीड आउट किया गया है। खासतौर से दस हज़ार से लेकर पच्चीस हज़ार तक के मूल्य के वर्ग के भौतिक स्टाम्प जो निष्प्रयोज्य चलन से बाहर घोषित करने है तो व्यवस्था निर्धारित करने के लिए शासनादेश निर्गत किए जाने के संबंध में है। ये भी मैटर काफी दिनों से पेंडिंग था। इस पर भी आज मंत्रिपरिषद की सहमति मिल गई। अब ई स्टाम्प के माध्यम से ही आप लोगों की सेवा हो सकेगी। जिन लोगों को आवश्यकता है ई स्टाम्प के माध्यम से ये छप्पन सौ तीस पॉइंट सेवन करोड़ रुपये।*

इसके अलावा सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण और राज्य स्मार्ट सिटी योजना को दो साल के लिए बढ़ाने का निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया है। साथ ही सीतापुर, प्रयागराज,

गाज़ीपुर, फर्रूखाबाद और बुलंदशहर में बंद पड़ी कताई मिलों पर नये उद्योग स्थापित करने को भी सहमति दी गई है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सरोजनीनगर क्षेत्र के लिए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अगले दो वर्षों में प्रदेश से गरीबी को समाप्त करना सरकार का लक्ष्य है। बाइट.....

*दो करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ दे रही है।एक करोड़ चार लाख से अधिक गरीबों को निराश्रित महिला वृद्धजन दिव्यांगजन को बारह हज़ार रुपए सालाना पेंशन की सुविधा का लाभ दे रही है। अकेले उत्तर प्रदेश में ढाई करोड़ किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर छप्पन लाख गरीबों को एक एक मकान मिल गए है और इस बार के बजट में हमने घोषणा की है कि अगले दो वर्ष में उत्तर प्रदेश से गरीबी को पूरी तरह समाप्त करके हर गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम करेंगे।*

————————

प्रदेश सरकार लखनऊ समेत कई जिलों में जल्द ही जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराएगी। हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने एक समीक्षा बैठक में

पुनरीक्षण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। प्रदेश में 1 जनवरी 2024 से लेकर अब तक 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिन जिलों में वर्षों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या, प्रयागराज अम्बेडकरनगर आदि प्रमुख हैं।

————————

उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि जल्दी ही बड़े प्रबंधन संस्थानों की मदद से विधायिका को बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिए जाएंगे। आज लखनऊ में एक प्रेस वार्ता में उन्होंने विधान सभा में पिछले एक वर्ष में किए गए बदलावों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रबंधन की मदद से जन प्रतिनिधियों और जनता के बीच संवादहीनता को भी खत्म किया जाएगा। बाइट.....

*मैनेजमेंट के आईएम के सीनियर लोगों को बुलाकर मैं उनको बताऊंगा कि हम ये कर रहे हैं आप इसमें अच्छा सुझाव क्या दे सकते हैं लेजिस्लेशन में भी अच्छा मैनेजमेंट कैसे हो सकता है इसके ऊपर कभी चर्चा नहीं है पूरे देश में ये एक मैं नई शुरुआत करने जा रहा हूँ। आईएम के लोगों को बुलाऊंगा आईआईटी के लोगों को बुलाऊँगा इस प्रकार से मैं लोगों को अब इंटरेक्शन करूँगा।*

————————

संभल को विवादित शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर आज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने आज मामले की सुनवाई करते हुए एएसआई को आपत्ति दाखिल करने के लिए कहा है। हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार एएसआई को हलफनामा दाखिल कर बताना होगा कि शाही जामा मस्जिद के बाहरी परिसर में रंगाई पुताई की जरूरत है या नहीं है। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज वाराणसी में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण किट भी वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चयन के नियमों को सरल किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उन्होंने

दिव्यांग लोगों के लिए कार्य करने वाली वेबसाइट दिव्यांग सारथी पोर्टल का भी शुभारंभ किया ।

———————

मुख्य निर्वाचनअधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को वोटर लिस्ट के लगातार पुनरीक्षण के तहत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा स्तर पर बैठक 15 मार्च से पहले होगी। जनपद स्तर पर 17 मार्च से 21 मार्च के बीच और राज्य स्तर पर 18 मार्च को आयोजित की जाएगी।

———————

प्रदेश भर में आज रंगभरी एकादशी मनाई जा रही है। अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में खासतौर पर देश विदेश से भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र में आज लट्ठमार होली और वृंदावन में फूलों की होली खेली जा रही है। वहीं दूर–दराज से आए श्रद्धालु गोवर्धन गिरिराज की परिक्रमा कर रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मथुरा समेत समूचा बृजमण्डल आज रंगभरी एकादशी के रंगो से सराबोर है। विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लम्बी कतारें लगी हैं। हर ओर राधे–राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। परिक्रमा मार्ग पर भी भक्त पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पद यात्रा कर रहे हैं। इस भव्य आयोजन को देखते हुए*

*प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मो0 उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

————————

परम्परा के तहत रंग भरी एकादशी के अवसर पर प्रमुख सिद्धपोठों में शामिल प्राचीन हनुमानगढ़ी के नागा साधू संतों ने हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमंत लला के प्रतीक चिन्ह झंडे और निशान को लेकर मंदिर परिसर में जमकर होली खेली। इस अवसर पर साधू संतों ने अयाध्या की सड़कों पर जुलूस निकाला और पंचकासी परिक्रमा कर सरयू में स्नान भी किया।.महादेव की नगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर चौक पर विराजमान श्री काशी विश्वनाथ महादेव और माता गौरा की प्रतिमा पर अबीर–गुलाल अर्पित करने क बाद एक– दूसरे को गुलाल लगाया।

————————

बस्ती जिले के राष्ट्रीय राज्य मार्ग 28 पर आज सुबह हुए एक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एक तेज रफ्तार कार और गलत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर के कारण हुआ।

————————

युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय ग्रामीण सब जूनियर वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता

2024–25, में लखनऊ के के० डी० सिंह बाबू स्टेडियम की वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी सुनीता वर्मा ने दृ 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

(समाप्त)